# ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश की उपयोगिता प्रभार निधियों का अंकेक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 5/05 से 3/14

**1 प्रारम्भिकः–**

**(क)** ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण, ठियोग जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश की अवधि 5/05 से 3/14 की उपयोक्ता प्रभार निधियों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण, हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या TPT-F((1)-3/2000-e-Governance दिनाँक 3.9.2005 के दृष्टिगत, इस विभाग के श्री अनिल कुमार (अनुभाग अधिकारी) द्वारा दिनाँक 16.6.14 से दिनाँक 8.7.14 के दौरान उपमण्डलाधिकारी ठियोग के कार्यालय में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित है।

**(ख) उपयोक्ता प्रभार निधि के लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु निम्नलिखित माहों का चयन किया गया।**

| वर्ष | आय की जाँच के लिये चयनित मास | व्यय की जाँच के लिये चयनित मास |
|---|---|---|
| 5/05 से 3/06 | 9/05 | 3/06 |
| 2006–2007 | 7/06 | 10/06 |
| 2007–2008 | 7/07 | 9/07 |
| 2008–2009 | 3/09 | 9/08 |
| 2009–2010 | 7/09 | 12/09 |
| 2010–2011 | 3/11 | 7/10 |
| 2011–2012 | 7/11 | 12/11 |
| 2012–2013 | 6/12 | 9/12 |
| 2013–2014 | 11/13 | 01/14 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 6 | हि0प्र0 सरकार परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त आय के 25**%** भाग की राशि में से परिवहन विभाग में राशि का कम जमा करवाया जाना | 2.28 |
| 2 | 7 | उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त आय में से केन्द्रीय ईकाई के | 2.54 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अंशदान के रूप में केन्द्रीय ईकाई शिमला में राशि का कम जमा करवाया जाना | |
| 3 | 9 | क्रय की गई स्टेशनरी तथा अन्य मदों की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियाँ किए बिना ही राशि का भुगतान करने बारे | 1.66 |
| 4 | 12 | कम्पयूटर तथा प्रिन्टर्ज इत्यादि की खरीद पर व्यय की गई राशि से सम्बन्धित अनियमितताएं | 0.85 |

**(घ)** इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को संस्था के आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाए अभिलेख एवं सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

## 2 अंकेक्षण शुल्कः–

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण, ठियोग की अवधि 5/05 से 3/14 की उपयोक्ता प्रभार निधियों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹11400/– आँका गया। उक्त अंकेक्षण शुल्क राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को भेजने हेतु अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 1 दिनाँक 8.7.14 द्वारा उप–मण्डलीय अधिकारी ठियोग से अनुरोध किया गया।

## 3 वित्तीय स्थितिः–

**(क)** ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण, ठियोग द्वारा प्रस्तुत अंकेक्षणाधीन अवधि की उपयोक्ता प्रभार निधियों से सम्बन्धित आय व व्यय का विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है। उपरोक्त आय व व्यय का माहवार विस्तृत विवरण एवं बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट "क–1" तथा "क–2"** पर दर्शाई गई है। इसके अतिरिक्त ई–गवर्नेन्स सोसाईटी व पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण ठियोग द्वारा प्रस्तुत अंकेक्षणाधीन अवधि की उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त माहवार आय तथा केन्द्रीय ईकाई शिमला जिला शिमला में जमा की राशियों का विवरण **परिशिष्ट "ख"** में दिया गया है।

## 4 रोकड़ बही तथा बैंक समाधान विवरणिका के अनुसार ई–गवर्नेन्स निधि में कम जमा हुई ₹4335/– के बारे में:–

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी ठियोग की रोकड़ बही के योगों में गलती करने के फलस्वरूप जो राशियाँ कम जमा पाई गई उनका विवरण **परिशिष्ट "क–2"** में संलग्न विवरणिका में दिया गया है। उक्त कम जमा करवाई राशियों को अंकेक्षण के दौरान ही बैंक खाते में जमा करवाकर उसका समाधान कर दिया गया। अतः सुझाव दिया जाता है कि सोसाईटी की समस्त राशियों को

यथासमय रोकड़ बही में दर्ज करके तथा प्रत्येक माह के अन्त में रोकड़ बही के शेष का मिलान बैंक खाते के अन्तशेष के साथ करना सुनिश्चित किया जाए ताकि रोकड़ बही में तथा बैंक में शेष के अन्तशेष का समाधान समय पर हो सके।

**5 आय व व्यय विवरणिका तथा बैलेन्स शीट (Balance Sheet) को नियमानुसार तैयार न करनाः–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी लाईसैसिंग एवं प्राधिकरण ठियोग द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या टी0पी0टी0–एफ(1) 3/2000 ई–गवर्नेन्स दिनाँक 3.9.05 की धारा 3 (ए) के अनुसार नियमानुसार लेखों का रख–रखाव सुनिश्चित करते हुये प्रतिवर्ष आय व व्यय विवरणिका तथा Balance Sheet तैयार नहीं की गई है। अतः परामर्श दिया जाता है कि नियमों की अनुपालना करते हुए उक्त निधि की आय एवं व्यय विवरणिका तथा बैलेन्स शीट तैयार की जाये और अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**6 हि0प्र0 सरकार परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त आय के 25% भाग की राशि में से परिवहन विभाग में ₹228943/–का कम जमा करवाया जानाः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या–टी0पी0टी0 एफ(1) 3/2000 ई–गवर्नेन्स दिनाँक 3.9.05 की धारा 3 (ए) के अनुसार आर0एल0ए0 के अन्तर्गत उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त होने वाली कुल आय का 25**%** भाग चालान द्वारा परिवहन विभाग में जमा किया जाना अपेक्षित था, परन्तु आर0एल0ए0 ठियोग द्वारा निम्नविवरणानुसार उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त कुल आय की ₹1831653/– के 25**%** भाग के रूप में ₹457763/– में से केवल ₹228820/– ही परिवहन विभाग में जमा करवाई तथा शेष ₹228943/– कम जमा करवाई गई जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ख"** पर भी दिया गया है। अतः परिवहन विभाग में कम जमा करवाई गई इस राशि को चालान द्वारा सरकारी कोष में जमा करवाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **अवधि** | **प्राप्त राशि** | **जितना अंशदान जमा किया जाना था** | **जितना अंशदान जमा किया गया** | **कम जमा की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 5/05 से 3/06 | 147150 | 36787 | 37030 | (+)243 |
| 4/06 से 3/07 | 209135 | 52284 | – | (–) 52284 |
| 4/07 से 3/08 | 135386 | 33846 | – | (–)33846 |
| 4/08 से 3/09 | 192820 | 48205 | – | (–)48205 |
| 4/09 से 3/10 | 199120 | 49780 | – | (–)49780 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4/10 से 3/11 | 242980 | 60745 | – | (–)60745 |
| 4/11 से 3/12 | 236087 | 59022 | 34214 | (–)24808 |
| 4/12 से 3/13 | 184860 | 46215 | 58775 | (+)12560 |
| 4/13 से 3/14 | 283515 | 70879 | 98801 | (+) 27922 |
| **योग** | **1831053** | **457763** | **228820** | **(–)228943** |

**7 उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त आय में से केन्द्रीय ईकाई के अंशदान के रूप में ₹254211/– को केन्द्रीय ईकाई शिमला में कम जमा करवाया जानाः–**

नियमानुसार उपयोक्ता प्रभार निधियों के रूप में प्राप्त कुल आय का 25**%** भाग परिवहन विभाग में जमा करवाने के पश्चात शेष बची 75**%** राशि का आधा भाग अर्थात कुल आय का 37.50**%** भाग सम्बन्धित आर0एल0ए0 द्वारा अपने पास रखकर शेष आधा भाग अर्थात कुल उपयोक्ता प्रभार निधियों के अन्तर्गत प्राप्त आय का 37.50**%** भाग केन्द्रीय ईकाई में जमा किये जाने का प्रावधान है। अभिलेखों की जाँच करने पर पाया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैंसिग प्राधिकरण, ठियोग द्वारा अवधि 5/05 से 3/14 के दौरान उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त आय से नियमानुसार केन्द्रीय ईकाई में अंशदान (Share) जमा नहीं किया गया जिसके फलस्वरूप निम्नविवरणानुसार केन्द्रीय ईकाई में उपयोक्ता प्रभार निधियों से अपेक्षित भाग की ₹254211/– को कम जमा करवाया गया। इस सन्दर्भ में उपयोक्ता प्रभार निधियों से प्राप्त वर्षवार कुल आय तथा केन्द्रीय ईकाई में जमा करवाई गई राशियों का विवरण **परिशिष्ट "ख"** पर भी दिया गया है।

| अवधि | प्राप्त राशि | परिवहन विभाग में 25% राशि के रूप में जितना अंशदान जमा किया जाना अपेक्षित था | शेष राशि | शेष राशि के 50% भाग के रूप में जितना अंशदान केन्द्रीय ईकाई में जमा किया जाना था | केन्द्रीय ईकाई में जितना अंशदान जमा करवाया गया | केन्द्रीय ईकाई में कम जमा की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5/05 से 3/06 | 147150 | 36787 | 110363 | 55181 | – | (–)55181 |
| 4/06 से 3/07 | 209135 | 52284 | 156851 | 78425 | 197582 | (+)119157 |
| 4/07 से 3/08 | 135386 | 33846 | 101540 | 50770 | 81462 | (+)30692 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4/08 से 3/09 | 192820 | 48205 | 144615 | 72307 | – | (–)72307 |
| 4/09 से 3/10 | 199120 | 49780 | 149340 | 74670 | 66595 | (–)8075 |
| 4/10 से 3/11 | 242980 | 60745 | 182235 | 91118 | 66795 | (–)24323 |
| 4/11 से 3/12 | 236087 | 59022 | 177065 | 88533 | – | (–)88533 |
| 4/12 से 3/13 | 184860 | 46215 | 138645 | 69323 | – | (–)69323 |
| 4/13 से 3/14 | 283515 | 70879 | 212636 | 106318 | 20000 | (–)86318 |
| **योग** | **1831053** | **457763** | **1373290** | **686645** | **432434** | (–)**254211** |

अतः अवधि 31.3.14 तक केन्द्रीय ईकाई शिमला जिला शिमला में ₹254211/– कम जमा करवाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और केन्द्रीय ईकाई के खातों में जमा राशियों का मिलान संस्था स्तर पर भी करके ₹254211/– को अविलम्ब केन्द्रीय ईकाई में जमा किया जाये तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8 मोबाईल सैट खरीदने हेतु तथा मोबाईल चार्जिज की प्रतिपूर्ति इत्यादि पर अनियमित भुगतान करनाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि सदस्य सचिव, ई–गवर्नेन्स सोसाईटी (केन्द्रीय ईकाई) शिमला के कार्यालय आदेश संख्या SML/NZ/FGSS/2006-155-57 दिनाँक 12.10.07 के अनुसार जिला शिमला के सभी SDO"s, Tehsildars तथा Nayib The Tehsildars को क्रमशः ₹10000, ₹5000 तथा ₹4000/– तक के मोबाईल सैट खरीदने हेतु तथा प्रत्येक SDO को प्रतिमाह ₹500 तथा प्रत्येक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को प्रतिमाह ₹300 की दर से मोबाईल बिल चार्जिज की प्रतिपूर्ति करने का प्रावधान किया गया था। तदानुसार चालान संख्या 949636 दिनाँक 1.12.07 द्वारा SDM को ₹500 प्रतिमाह की दर से मोबाईल चार्जिज बिल के रूप में ₹1500/– का भुगतान किया गया। इसी प्रकार चैक संख्या 949636 दिनाँक 1.12.07 द्वारा तहसीलदार ठियोग को (मोबाईल सैट की खरीद हेतु ₹5000/– का भुगतान तथा ₹300/– प्रति माह में हिसाब से मोबाईल चार्जिज बिल की प्रतिपूर्ति हेतु ₹1500 अर्थात कुल राशि (₹5000/– (+) ₹1500 =₹6500/–) का भुगतान किया गया। उक्त के अतिरिक्त नायब तहसीलदार को

(मोबाईल सैट की खरीद के ₹4900/– का भुगतान तथा मोबाईल चार्जिज की प्रतिपूर्ति हेतु ₹300 प्रतिमाह की दर से ₹600/– अर्थात कुल राशि (₹4900/– (+) ₹600 =₹5500/–) का भुगतान किया गया। उक्त भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–

**(क)** तहसीलदार ठियोग द्वारा मैसर्ज जम्बाल इन्टरप्राईजिज ज्वाली, जिला काँगड़ा (हि0प्र0) से उनके बिल संख्या 1839 दिनाँक 2.11.06 के अन्तर्गत Sony-Z-5501 मोबाईल की ₹8425/– में खरीद की गई। उक्त बिल की जाँच करने पर पाया गया कि न तो यह बिल सक्षम अधिकारी द्वारा पारित किया गया था और न ही उक्त मोबाईल फोन की प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर/सम्पत्ति रजिस्टर में की गई क्योंकि लेखा परीक्षा में इससे सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। ऐसा प्रतीत होता है कि सोसाईटी द्वारा इन अभिलेखों का रख रखाव ही नहीं किया गया जिसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये तथा उक्त सामग्री की प्रविष्टि नियमानुसार सम्पत्ति रजिस्टर में करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चि की जाये।

**(ख)** उक्त के अतिरिक्त श्री सूरज सिंह नायब तहसीलदार ठियोग द्वारा M/S Shahi Video, Theog Distt Shimla से उनके CM. No. 96 दिनाँक 13.9.07 के अन्तर्गत Nokia Mobile set Model No. 6085 की ₹5200/–में खरीद की गई। अभिलेखों एवं बिल की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त मोबाईल की प्रविष्टि सम्पत्ति रजिस्टर और स्टॉक रजिस्टर में नहीं की गई। अतः सम्बन्धित अभिलेखों में प्रविष्टि न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये।

**(ग)** सदस्य सचिव (ई–गवर्नेन्स सोसाईटी) जिला शिमला के उक्त आदेशों द्वारा SDOs, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को मोबाईल सैट की खरीद करने तथा मोबाईल चार्जिज की प्रतिपूर्ति करने हेतु व्यय ई–गवर्नेन्स निधि की परिवहन गतिविधियों से सम्बन्धित आय से किया गया यह भुगतान अनियमित प्रतीत होता है। चर्चा के दौरान अंकेक्षण को यह बताया गया कि सम्बन्धित अधिकारियों को प्रदेश सरकार द्वारा भी हर माह निर्धारित दर से मोबाईल चार्जिज की प्रतिपूर्ति हेतु भुगतान किया जा रहा है। अतः एक ही सुविधा हेतु दो स्त्रोतों से भुगतान किया जाना अनियमित है जिस बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये। उक्त के अतिरिक्त ई–गवर्नेन्स निधि की परिवहन गतिविधियों से सम्बन्धित प्राप्त आय से तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को किया गया उक्त भुगतान अनियमित प्रतीत होता है क्योंकि चर्चा के दौरान अंकेक्षण को यह भी बताया गया कि उक्त दोनों अधिकारी ई–गवर्नेन्स निधि की परिवहन गतिविधियों से सम्बन्धित कोई कार्य नहीं कर रहे हैं।

**9 क्रय की गई स्टेशनरी तथा अन्य मदों की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियाँ किए बिना ही ₹166173/–का भुगतान करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैसिंग प्राधिकरण, ठियोग द्वारा समय–2 पर स्टेशनरी तथा अन्य मदों की खरीद की गई परन्तु स्टेशनरी की खरीद से सम्बन्धित अधिकांश बिलो का भुगतान बिना स्टॉक प्रविष्टि किये ही गया जोकि अनियमित था जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये और जिन बिलों की स्टॉक रजिस्टर में नही की है उनकी अब प्रविष्टि की जाये तथा भविष्य में स्टेशनरी/सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि सम्बन्धी स्टॉक रजिस्टर में करके ही बिलो ंका भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। अंकेक्षण के दौरान जिन–2 स्टेशनरी अन्य मदों की स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई पाई गई, उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| चैक संख्या | फर्म का नाम एवं बिल संख्या | सामग्री का ब्यौरा | सं0 | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 80433/28.3.06 | M/S Hari Dass & Co. Subzi Mandi Shimla Bill No. 20831 dt. 27.1.06 | Photoglass paper 2 Pkt, C.D.R. Samsung 10 No. | | 450<br>20 | 900<br>200 |
| | | | | | 1100 |
| | | | | +4% | 44 |
| | | | | **Total** | **1144** |
| -do- | M/S Hari Dass & Co. Subzi Mandi Shimla | Inkjet Cartridge 1 No. (855 Nos) –do- (852 No) 1No. | | 1310<br>1075 | 1310<br>1075 |
| | | Lamination Pouch 3 Pkt | | 80 | 240 |
| | | Refeling ink 12.7&15mm 2 Pkt | | 35 | 70 |
| | | 1 No. Refeling of cartrd | | 40 | 40 |
| | | 1 Rim dotmatrics Photostate Paper A4 | | 130 | 13 |
| | | | | | 2865 |
| | | | | Vat 4% | 114.60 |
| | | | | **Total** | **2980** |
| -do- | M/S Smarat Printers, Theog, Shimla Bill no. 256/14.2.06 | Receipt Books 45 No. | | 40 | **1800** |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 803431/17.3.06 | M/S Ashoka Steel Furniture Industries, Shimla Bill No. ASFI/00400 dt. 16.3.06 | Computer Chair with Cushioned Arm | | 1900 | 7600 |
| | | | | +4% vat | 304 |
| | | | | **Total** | **7904** |
| 803437/1.6.06 | M/s Hari Dass & Co. Subzi Mandi, Shimla Bill No. 22803 dt. 8.5.06 | Cartridge H.P. 855 No -do-<br>852 No. | 2 No.<br>3 No. | 1250<br>1050 | 2500<br>3150 |
| | | | | | |
| | | Lamination Pouch 2 Pkt | | 70 | 140 |
| | | Photopaper colour 1 Pkt | | 500 | 500 |
| | | | | **Total** | **6290** |
| 86006/17.10.06 | Dev Hardware & Software Engg, Theog, Bill no. 38 dt. 2.9.06 | Tower refill<br>Stepler Pin | 1 No.<br>5 Pkt | 300<br>9 | 300<br>45 |
| | | | | **Total** | **345** |
| | -do- Bill no. 66 dt. 7.8.06 | Laserjet Tonner Q2612A H.P. | 1 No. | 3350 | **3350** |
| | Krishna Typerwritter Institute Theog Bill no. Nil dt. 5.10.06 | Bond Paper B-4<br>Computer Paper B-4- | 4 Rim<br>7 Rim | 245<br>245 | 980<br>1755 |
| | | | | **Total** | **2695** |
| | M/S Hari Dass & Co. Subzi Mandi Shimla Bill No. 24617 dt. 5.10.06 | Photostate paper A3, Register | 13 Rim<br>3 No. | 275<br>30 | 3575<br>90 |
| | | | | **Total** | **3665** |
| | | | | +4% vat | 147 |
| | | | | **Total** | **3812** |
| 86006/17.10.06 | Hari Dass & Co. Subzi Mandi Shimla | Inkjet Cartridge H.P. 855 no.<br>Colour<br>852 No. | 1 No.<br>2 No. | 1200<br>1100 | 1200<br>2200 |
| | | | | | 3400 |
| | | | | +4% | 136 |
| | | | | **Total** | **3536** |
| 860012/15.11.06 | Middle Bazar, | Phaser Xeron | 1 No. | 5500 | 5500 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Shimla Bill No. 552 dt. 6.7.06 | Tonner 3117 | | | |
| | | | | 12.5 % vat | 687.50 |
| | | | | **Total** | **6187** |
| | -do- Bill No. 581 dt. 7.11.06 | H.P. Laser Jet Tonner 12 | 1 No. | 3935 | **3935** |
| | -do- Bill no. 553 dt. 6.9.06 | 256 M.B. Pen drive OHMPL<br>AGP Graphics accredation /sound card | 1 No.<br>1 No. | 1550<br>2550 | 1550<br>2550 |
| | | | | | 4100 |
| | | | | 4% vat | 164 |
| | | | | **Total** | **4264** |
| | -do- Bill No. 586 dt. 15.11.06 | Refil card<br>B/W Cartridge<br>Colour cartridge<br>HCL AGP accredation/sound card | 1<br>1<br>1<br>1 | 2800<br>1450<br>1620<br>2500 | 2800<br>145<br>1620<br>2500 |
| | | | | | 8370 |
| | | | | | 334.80 |
| | | | | **Total** | **8705** |
| 949634/1.12.07 | Shreshtha Consultancy Yodha Niwas Shimla Bill no. 423 dt. 21.9.07 | Pen drive<br>Ribon for computer 1050 | 1 No. | 1300<br>75 | 1300<br>75 |
| | | | | | 1375 |
| | | | | Vat + | 55 |
| | | | | **Total** | **1430** |
| -do- | Bill No. 460 dt. 23.4.07 | Photostate A4 size | 12 Rim | 113 | 1356 |
| | | Printer Cartridge Laserjet 1022 | 3 No. | 2648 | 7944 |
| | | Glossy paper Kodak 20 sheet pak | 3 No. | 210 | 630 |
| | | Computer stationary 132 col | 1 No. | 350 | 350 |
| | | Deskjet Printer Cartridge 855 | 2 No. | 1150 | 2300 |
| | | Deskjet Printer Cartridge 852 | 2 No. | 990 | 1980 |
| | | Staplers | 3 No. | 25 | 75 |
| | | Stamp pads | 3 No. | 11 | 33 |
| | | Fevistick | 6 No. | 15 | 90 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Pad (gell cello) | 4 No. | 9 | 36 |
| | | | | | 11794 |
| | | | | | 591.76 |
| | | | | **Total** | **15386** |
| 954555/31.7.08 | M.S Infotech, Saivilla North oak Sanjauli | Mother Board<br>Mouse Optical<br>Key Board<br>Multimod Infor<br>Speaker Norml<br>Power Card | 1 No.<br>1 No.<br>1 No.<br>2 No. | 2650<br>250<br>270<br>285<br>50 | 2650<br>250<br>270<br>285<br>100 |
| | | | | **Total** | **3555** |
| 954559/19.9.08 | M/S Ambika Traders Middle Bazar Shimla 0078 dt. 4.8.08 | Ribbon wipro 0515235<br>H.P. Cartridge 852 black<br>H.P. Cartridge 855<br>P.G. Photo glossy paper<br>Reams A4 size | 2 No.<br>3 No.<br>3 No.<br>150 No<br>10 No. | 175<br>1025<br>1125<br>9.50<br>116 | 350<br>3095<br>3375<br>1425<br>1160 |
| | | | | **Total** | **9405** |
| 954560/29.9.08 | M/S Appollo System & Services Comely bank Shimla | UPS Battery 26 ah 12volt | 13 No. | 2600<br>(-) 200<br>=2400 | **31200** |
| 949660/7.11.09 | Computer Case Khalini, Shimla Bill No. 3709 dt. 7.11.09 | DMP 1055=250 MSP 9PN80Col Printer | 1 No. | 8990 | **8990** |
| 949662/1.12.09 | Vishwa Infotech Newland House Timler House, Shimla Bill no. 212 dt. 16.11.09 | Power Supply for infimti gloploline 2700 HN server | 1 No. | 3000 | **3000** |
| 967027/26.4.10 | M/S Apollo system & services Camely Bank Shimla Bill No. 1158 dt. 3.4.10 | Cauon M.FD 4350 D<br>Cauon LBP 2900 B<br>Belkin Surge Protector 4<br>Belkin surge Protector 3 Part | 1 No.<br>1 No.<br>1 No.<br>1 No. | 18700<br>6500<br>560<br>500 | 18700<br>6500<br>560<br>500 |
| | | | | **Total** | **26260** |
| 268510/23.12.11 | M/S Ambika Traders Kuthiala Estate, Shimla Bill No. 001173/18.11.11 | R.C. printed computer paper<br>Photostate paper<br>Compter ribbon | 200 No<br>4 Rim<br>1 No. | 2.50<br>135<br>195 | 5000<br>540<br>115 |
| | | | | **Total** | **5655** |
| | Bill No. 001154/4.11.11 | Laser Tonner 2612 no. | 1 No. | 850 | **850** |
| | Bill No. 001170/17.11.11 | Inkjet Cartridge 831 cauon | 3 No | 1165 | **3495** |
| | | | | **Grand Total** | **166173** |

## 10 कम्पयुटर तथा फोटोस्टेट मशीन इत्यादि की मुरम्मत से सम्बन्धित रजिस्टर का रख–रखाव न करनाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि आर0एल0ए0, ठियोग द्वारा ई–गवर्नेन्स निधि से समय–2 पर एस0डी0एम0 कार्यालय में स्थापित कम्पयूटर तथा फोटोस्टेट मशीन इत्यादि की मुरम्मत पर व्यय किया गया, परन्तु अमुक कम्पयुटर तथा फोटोस्टेट मशीन कार्यालय की कौन सी शाखा की है, इससे सम्बन्धित ब्यौरा नहीं दिया गया और न ही मुरम्मत रजिस्टर तैयार किया गया था जिससे यह सुनिश्चित करना कठिन था कि कम्पयूटर अथवा फोटोस्टेट की कब–2 मुरम्मत करवाई गई तथा कितना–2 व्यय किया गया जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा भविष्य में कम्पयूटर और अन्य मशीनरी की मुरम्मत से सम्बन्धित मुरम्मत रजिस्टर तैयार करवाया जाये और उसमें पूर्ण विवरण दिया जाए कि अमुक कम्पयूटर तथा मशीन कौन सी शाखा की है। इसके अतिरिक्त फोटोस्टेट मशीन इत्यादि की पूर्ण Configuration दी जाए और मुरम्मत के दौरान कौन से पार्ट बदले गये तथा पुराने पुर्जे का रख–रखाव कहाँ–2 पर दिया गया, उनका ब्यौरा भी दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त के अतिरिक्त मुरम्मत करवाने से पूर्व इसकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त की जानी सुनिश्चित की जाए। अंकेक्षण अवधि के टैस्ट चैक के दौरान कम्पयूटर की मुरम्मत पर किये व्यय के कुछ विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| फर्म का नाम/बिल सं0 | Ch. No./date | मुरम्मत विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| Himtron17 New Mankat, Middle Bazar Shimla | 949649/4.4.08 Bill No. 100/29.3.80 | Ref. No. 4 of Computer including (repair replacement of Mother Board, RAM SMP & Cabinet & Loading of Leapal Softwar | 6084 |
| H.P. Computer Education Centre Theog Bill No. 171 dt. 14.9.06 | 86006/17.10.06 | Compter Repair & Maintenance Service charges | 1520 |
| Computer Education centre Theog Bill No. 242 dt. 4.12.08 | Cash/4.12.08 | Mother Board Repair Ram 256 MB & MPS | 3800 |
| M/S Ambika traders, SDA Complex Shimla | 949665/2.12.09 | 3 No. tonner Refilled | 2550 |

## 11 बिलों को बिना सक्षम अधिकारी से पारित करवाकर भुगतान करने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, (आर0एल0ए0) ठियोग द्वारा उपयोक्ता प्रभार निधियों से किए गए व्यय से सम्बन्धित बिलों को सक्षम अधिकारी से पारित

करवाये बिना ही इनका भुगतान किया गया है जोकि एक अनियमितता है। अतः बिना सक्षम अधिकारी से बिलों को पारित करवाये भुगतान करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा इन बिलों को अब सक्षम अधिकारी से पारित करवाए जाए तथा भविष्य में भी बिलों को सक्षम अधिकारी द्वारा पारित करवाकर ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। टैस्ट चैक के दौरान जिन बिलों का भुगतान बिना सक्षम अधिकारी से पारित करवाये ही किया गया पाया गया उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| फर्म का नाम | Ch. No. Date | ब्यौरा | राशि |
|---|---|---|---|
| M/S Ashoka Steel Furniture Industries Shimla Bill No. | 803431/ 17.3.06 | Computer Chair with arm cushioned 4 No. | 7904 |
| M/S Hari Dass & Co. Subzi Mandi, Shimla Bill No. 22803 dt. 18.5.06 | 803437/ 1.6.06 | Stationery Material | 6290 |
| Dev. Hardware & Software Bus Stand, Theog Bill no. 38 dt. 2.9.06 | 860006/ 17.10.06 | Tonner refill 5 pkt Stepler Pin | 345 |
| -do- Bill no. 16 dt. 7.8.06 | | Q2612A H.P. Laserjet Toner | 3350 |
| SETH STUEFHVT, Theog Shimla Bill No. 562 dt. 5.10.06 | | 6M hanks 36 No. Hanks | 455 |
| Snowline Filling Station, Theog (H.P.) Bill no. 16167 dt. 3.7.06 | | 9ltr. diseal | 441 |
| H.P. Computer education centre, Theog Bill No. 171 dated 14.9.06 | 8660006/ 17.10.06 | Computer Repair Maintenance Services Charges | 1520 |
| Krishna Typewriters Institute Theog - Bill No. Nil dt. 5.10.06 | -do- | 4 Band paper B-4 size 7 camp paper B-4 Rim | 2695 |
| Hari Dass & Co. Subzi Mandi Shimla Bill No. 24617 dt. 5.10.06 | -do- | 13 Rim Photostate paper A3 size 3 No. register | 3812 |
| -do- Bill No. 9568 dt. 21.10.06 | -do- | Inkjet Cartridge HP 855 No. & HP 852 No. | 3536 |
| Himtron Middle Bazar, Shimla -Bill No. 552 dt. 6.7.06, Bill No. 581 dt. 7.11.06 Bill No. 553 dt. 6.9.06 | 860012/15.11.06 | Computer articles | 6187 3935 4264 |
| Shresahtha Consultancy, Yodha Niwas, Shimla-171001 -Bill No. 460 dt. 21.9.07 Bill No. 423 dt. 21.9.07 | 949634/ 1.12.07 | Stationary articles & Computer articles | 15386 1430 |

**12 कम्पयूटर तथा प्रिन्टर्ज इत्यादि की खरीद पर व्यय की गई ₹85590/– से सम्बन्धित अनियमितताएंः–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, (आर0एल0ए0) ठियोग द्वारा हिमाचल प्रदेश इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम लि0 से उनके बिल संख्या 23171 दिनाँक 16.9.10 के अन्तर्गत परिवहन गतिविधियों के अन्तर्गत प्राप्त आय (User Charges) से निम्नलिखित सामग्री की खरीद की गई जिसका भुगतान क्रमशः चैक संख्या 268509 दिनाँक 14.12.11 द्वारा ₹50000, चैक संख्या 268516 दिनाँक 2.2.12 द्वारा ₹26950/– तथा चैक संख्या 268524 दिनाँक 28.2.12 द्वारा ₹8640/– का किया गया।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HCL infinty 22 PPM with there years near rauty Intel G41 C1+1PSET/2GB DOR 3 Ram 500 GB Data HDB/18.5"TFT Cohor Monitor DVD writer/PL windowst with Six year warranty | 2 No. | 28185 | 56371 |
| 2 | UPS 650VA offline UPS warranty 3 year on UPS and 18 month on batteris | 2No. | 4381 | 8762 |
| 3 | HPLJ 1566 Printer HP Laser Jet 1566 22PPM with three year warranty | 2No. | 8190.50 | 16381 |
| | | | | 81514 |
| | | | 5% vat | 4076 |
| | | | **Total** | **₹85590** |

उपरोक्त बिल की जाँच करने पर पाया गया कि इलैक्ट्रोनिकस निगम लिमिटेड शिमला से खरीदे गये कम्पयूटर प्रिन्टर्ज तथा Accessories की प्रविष्टियाँ नियमानुसार सम्पत्ति रजिस्टर, Immovable Property Register में नहीं की गई क्योंकि इस सम्बन्ध में कोई भी अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये जबकि इनकी प्रविष्टियाँ उक्त रजिस्टर में पूर्ण विवरण सहित करके तथा जिस शाखा के अधिकारी/कर्मचारी को इन्हें जारी किया गया उनसे पावती भी प्राप्त करनी अपेक्षित थी। अतः उक्त सामग्री की प्रविष्टियाँ पूर्ण विवरण सहित Immovable Property Register में की जाए तथा जिस भी अधिकारी/कर्मचारी को यह जारी किये गये उन से पावती प्राप्त करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाये।

**13 स्टोर/स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न करवाने बारेः–**

ई–गवर्नेन्स सोसाईटी, पंजीकरण एवं लाईसैन्स प्राधिकरण, ठियोग द्वारा उपयोक्ता प्रभार निधि से खरीदी गई स्टोर/स्टॉक की मदों अथवा केन्द्रीय ईकाई, शिमला से प्राप्त सामग्री/उपकरणों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं करवाया गया, जोकि नियमानुसार अनियमित था। अतः स्टोर/स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न करवाने का औचित्य स्पष्ट किया जाये और भविष्य में प्रत्येक वर्ष स्टॉक/स्टोर का प्रत्यक्ष सत्यापन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**14 विविधः—**

केन्द्रीय ईकाई से समय—2 पर ई—गवर्नेन्स सोसाईटी (RLA) ठियोग को जारी की गई विभिन्न मदों तथा ई—गवर्नेन्स सोसाईटी (RLA) ठियोग से केन्द्रीय ईकाई को समय—2 पर केन्द्रीय ईकाई के हिस्से के रूप में भेजी गई राशि का मिलान केन्द्रीय ईकाई से नहीं किया गया है। अतः इस सन्दर्भ में भी अपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**15 लघु आपत्ति विवरणिकाः—** इसे अलग से जारी नहीं किया है।

**16 निष्कर्षः—** निधि लेखाओं के रख—रखाव में अत्याधिक सुधार एवं कड़े निरीक्षण की आवश्यकता है।

हस्ता/—
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)(सी)(15)(14)(xii)16/2014 खण्ड—1—7657—61 दिनांक, 20.12.14. शिमला—09

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :—

**पंजीकृतः**—1 उप मण्डल अधिकारी एवं सचिव आर0एल0ए0 (ठियोग) जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करवाकर सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।

2 जिलाधीश शिमला जिला शिमला (हि0प्र0)
3 निदेशक (परिवहन विभाग) हि0प्र0 शिमला—03
4 अवर सचिव (परिवहन) हि0प्र0 शिमला—02
5 श्री अनिल कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा.........................

हस्ता/—

उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.